## 30 दिन में हाईकोर्ट बार के खाते में राशि जमा करने के निर्देश

# न्यायालयीन प्रक्रिया के दुरुपयोग पर हाईकोर्ट सख्त पांच हजार रुपये जुर्माने के साथ याचिका निरस्त

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने न्यायालयीन प्रक्रिया का दुरुपयोग करने के मामले को गंभीरता से लिया है। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता की गवाही पूरी होने के डेढ़ वर्ष से अधिक समय बाद गवाही में बदलाव करने का आवेदन पेश किया गया था। ऐसा करना न्यायालय की प्रक्रिया का दुरुपयोग और प्रोबेट कार्यवाही के निराकरण में देरी करने का प्रयास है। इस मत के साथ कोर्ट ने याचिकाकर्ता सुमन श्रीवास्तव पर पांच हजार रुपये जुर्माने के साथ याचिका निरस्त कर दी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को 30 दिन के भीतर यह



राशि हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के खाते में जमा कराने के निर्देश दिए।

दरअसल, जबलपुर निवासी सुमन श्रीवास्तव ने संपत्ति विवाद से जुड़े एक मामले में ट्रायल कोर्ट में अपनी गवाही के पुनः बयान कराने के लिए एक आवेदन पेश किया था। ट्रायल कोर्ट ने उक्त आवेदन खारिज कर दिया, इसलिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। मामले पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता और याचिकाकर्ता का पुत्र एडवोकेट अंकित श्रीवास्तव हाजिर हुए। याचिकाकर्ता का बयान जुलाई 2024 में पूरा हुआ और उसने अपने बयान में वसीयत के निष्पादन से संबंधित प्रोबेट आवेदन में किए गए दावों के पक्ष में बयान दिया। इसके बाद याचिकाकर्ता ने ट्रायल कोर्ट के समक्ष एक आवेदन पेश कर गवाह के रूप में दोबारा पेश करने का अनुरोध दिसंबर, 2025 में प्रस्तुत किया था। याचिकाकर्ता ने ट्रायल कोर्ट के पीठासीन न्यायाधीश पर आरोप लगाया था कि न्यायाधीश ने बयान के उस हिस्से को टाइप नहीं कराया, जिसमें जनवरी, 2020 में आवेदक पर बंदूकें तानी गई थीं, उसने ऐसा बयान दिया था। हाई कोर्ट ने दलीलों को अस्वीकार करते हुए याचिका निरस्त कर दी। पूर्व में भी जिला न्यायाधीश द्वारा सुमन श्रीवास्तव और अंकित श्रीवास्तव पर न्यायाधीश वर्ग पर अनर्गल टिप्पणी करने और झूठे आरोप लगाने पर दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया था।

## 10 मार्च तक जेल रिमांड, दमोह-भोपाल से बनवाए थे फर्जी पासपोर्ट

# अफगानी घुसपैठियों को एटीएस ने कोर्ट में किया पेश

**जबलपुर।** जबलपुर में फर्जी पासपोर्ट मामले में एटीएस द्वारा पकड़े गए पांच अफगानियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से सभी को 10 मार्च तक जेल रिमांड पर भेज दिया गया है। एटीएस की टीम ने इन्हे कोलकाता से तीन दिन पहले गिरफ्तार किया था। इसके बाद जबलपुर लेकर आए थे। एटीएस के अधिकारियों द्वारा अफगानी घुसपैठियों को पूछताछ के लिए दो दिन की कोर्ट से रिमांड ली थी। इसके बाद आरोपितों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के समक्ष एटीएस ने दलील दी थी कि देश के लिए यह बहुत ही चिंता का विषय है कि विदेशी नागरिक अवैध रूप से भारत में आकर रहना और पासपोर्ट बनवाना खतरे का संकेत हो सकता है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि पूछताछ के दौरान यह जानने की कोशिश की गई है कि फर्जी दस्तावेज कहां-कहां से और किसकी मदद से बनवाए गए हैं। एटीएस अधिकारियों द्वारा की जा रही जांच में यह तथ्य भी सामने आए है कि अफगानी संदेह से बचने के लिए छोटे शहर का उपयोग कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर पासपोर्ट के लिए आवेदन करते थे। एटीएस की जांच के दायरे में पासपोर्ट विभाग के वो अधिकारी भी आ रहे हैं जिन्होंने फर्जी पासपोर्ट बनाने में इनकी मदद की है।

एमपी एटीएस की टीम ने फर्जी पासपोर्ट मामले में जिया उल रहमान, सुल्तान मोहम्मद, रजा खान, सैयद मोहम्मद व जफर खान को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। एटीएस की जांच में सामने आया कि ये सभी 2018-19 में काबुल (अफगानिस्तान) से दिल्ली होते हुए कोलकाता पहुंचे थे। एटीएस की टीम को जांच में पता चला कि सुल्तान मोहम्मद मेडिकल वीजा पर आया था। वहीं अन्य चार अवैध तरीके से भारत में दाखिल हुए थे। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि अफगान नागरिकों ने भारतीय पासपोर्ट हासिल करने के लिए जबलपुर में रह रहे मास्टरमाइंड सोहबत खान से प्रति व्यक्ति करीब ढाई लाख रुपए में डील की थी। जांच में बचने और किसी की नजर में ना आने के लिए इन लोगों ने दमोह के डाकघर में फर्जी दस्तावेज जमा किए और उसमें गलत पते लिखे, जो जबलपुर शहर के थे। ये पासपोर्ट भोपाल से जारी किए गए थे। आरोपितों ने दस्तावेज में 300 मोतीनाला, तालाब सदर, 410 उपरैनगंज व 870 छोटी ओमती जैसे पते दर्ज कराए, जो वास्तविक नहीं थे। 5 में से 4 पासपोर्ट जारी हो चुके थे, जिसमें से 3 पासपोर्ट एटीएस ने जब्त कर लिए गए हैं। एक पासपोर्ट गलत पते के कारण पासपोर्ट कार्यालय वापस लौट गया था।

## एसबीसी ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया से चुनाव के बारे में मांगा मार्गदर्शन

**जबलपुर।** स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश का चुनाव कराने के लिए 2 चुनाव अधिकारी नियुक्त होने से असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अब काउंसिल ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया को पत्र लिखकर चुनाव कराने के संबंध में मार्गदर्शन मांगा है। गौरतलब है कि 21 फरवरी 2026 को बीसीआई ने सेवानिवृत्त जस्टिस एनके मोदी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया था। जस्टिस मोदी ने अधिसूचना जारी कर चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित चुनाव समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रितिंकर दिवाकर ने रिटायर्ड जस्टिस एसके पालो को रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त कर दिया। चुनाव को लेकर बनी हाई-पॉवर्ड कमेटी के चेयरमैन न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सुधांशु धूलिया ने स्टेट बार काउंसिल को पत्र भेजकर जस्टिस दिवाकर की समिति को अधिकृत करार दिया। काउंसिल के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता ने बताया कि उक्त विरोधाभास से चुनाव कराने को लेकर दुविधा उत्पन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि चूंकि बीसीआई ही स्टेट बार की एपेक्स बॉडी है, इसलिए कार्यकारी सचिव ने बीसीआई को पत्र लिखकर मार्गदर्शन मांगा है।

# बाईक में टक्कर मारने के बाद की मारपीट

### लार्डगंज और माढ़ोताल में वारदातें, 2 घायल

**जबलपुर।** लार्डगंज और माढ़ोताल में मारपीट की दो वारदाते सामने आई है। मारपीट की इस वारदातों में दो युवक घायल हो गए हैं। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ठक्करग्राम हनुमानताल निवासी 43 वर्षीय मोहम्मद शौकत अली गत रात लगभग 8.30 बजे गोलबजार से अपनी मोटर सायकल क्रमांक यूपी 70 ई एक्स 9510 से अपने घर जा रहा था तभी बीजेपी कार्यालय के सामने रानीताल फ्लाई ओवर में सामने से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन जे 2887 ने उसकी मोटरसायकिल में टक्कर मार दी और उसमे सवार तीन लड़कों ने कैसी गाड़ी चला रहे हो कहते हुए उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए), 296(ए), 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार माढ़ोताल में ग्राम रैगवा पुलिया के पास रात लगभग 8.30 बजे पैदल अपने घर जा रहे ग्राम रैगवा निवासी 26 वर्षीय मजदूर बबलू बंशल से मोटर सायकिल सवार दो अज्ञात लड़कों ने शराब पीने के लिए रुपए की मांग कर मारपीट की और चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। झूमाझपटी के दौरान बबलू बंशल का मोबाइल कही गिर गया। अज्ञात आरोपियों की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष की होगी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 126(2), 296(ए), 118(1), 119(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## खाद्य पदार्थों के विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर लिये नमूने

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुये नमकीन, मिठाई, मावा, पनीर विक्रय प्रतिष्ठानों का बुधवार को भी निरीक्षण किया गया तथा परीक्षण हेतु नमूने लिये गये। निरीक्षण के दौरान रांझी स्थित रजवाड़ी स्वीट्स से गुझिया एवं मावा कतली, नर्मदा डेयरी से मावा एवं पनीर, रामपुर स्थित राजस्थान मिष्ठान्न भण्डार से नमकीन, बेस्ट बंगाल स्वीट्स से खोवा बर्फी एवं बेसन के लड्डू, सत्यनारायण गुजराती नमकीन से नमकीन, कटंगी रोड स्थित ओम बीकानेर मिष्ठान्न भण्डार से खोवा एवं पतीशा, सदर बाजार स्थित बालाजी स्वीट्स से खोवा बर्फी एवं कलाकंद, तिलवारा स्थित कृष्णा स्वीट्स एण्ड नमकीन से मावा बर्फी एवं नारियल बर्फी तथा केक टेडर्स से नमकीन एवं केक के नमूने लिये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के अनुसार निरीक्षण में मौके पर ही दुग्ध उत्पादों मावा, घी, पनीर आदि का प्राथमिक परीक्षण भी किया गया। प्राथमिक परीक्षण में यूरिया, डिटर्जेंट तथा स्टार्च एवं शक्कर की उपस्थिति नहीं पायी गई। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मिठाई तथा नमकीन आदि के निर्माण तथा संग्रहण की प्रक्रिया में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के स्वच्छता एवं सुरक्षा प्रावधानों का पालन करने के निर्देश खाद्य पदार्थों के कारोबारियों को दिये गये हैं।

### 4 महीने के लक्ष्य को 100 दिन में पूरा कर रिकॉर्ड बनाया

# मिसाल : विद्युत यूनिट में तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन

**जबलपुर।** विशेषज्ञ एजेंसियों की सलाह अनुसार मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की जिस यूनिट को वार्षिक रखरखाव के दौरान रोटर में क्रेक टरबाइन के लो-प्रेशर रोटर ग्रूव्स में गंभीर दरार होने और नए रोटर लगाने के लिए लगभग 48 माह लगते, उसी यूनिट को पावर जनरेटिंग कंपनी के इंजीनियरों ने इन-हाउस मरम्मत करके 100 दिन तक लगातार संचालित कर दिया। यहां जिस यूनिट का जिक्र किया जा रहा है वह संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर (एसजीटीपीएस) की 500 मेगावाट क्षमता यूनिट नंबर 5 है। इस यूनिट ने गत दिवस लगातार 100 दिन संचालित होने का रिकार्ड बनाया। यदि यह यूनिट विशेषज्ञ एजेंसीयो की सलाह के आधार नए रोटर लगने तक लगभग चार वर्ष के लिए बंद रहती तो विद्युत उत्पादन का नुकसान होता। इसके अतिरिक्त नए रोटर की खरीद पर अतिरिक्त व्यय भी कंपनी को वहन करना पड़ता। यह स्थिति न केवल आर्थिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण थी, बल्कि राज्य की ऊर्जा आपूर्ति पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती थी।

विशेषज्ञ एजेंसियों ने कहा रोटर को बदलना ही एकमात्र विकल्प-संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 को गत वर्ष 10 जुलाई को केपिटल ओवरहालिंग के लिए बंद किया गया था। रखरखाव के दौरान जानकारी मिली कि टरबाइन के लो-प्रेशर (एलपी) रोटर ग्रूव्स में गंभीर दरारें हैं। विस्तृत तकनीकी परीक्षण एवं मूल्यांकन के उपरांत एजेंसीयो के विशेषज्ञों ने रोटर को भविष्य की सेवा के लिए अनुपयुक्त बताते हुए नया रोटर लगाने की अनुशंसा की। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के लिए अपनी किसी यूनिट को इतने लंबे समय तक बंद रखना किसी भी तरह मंजूर नहीं था। यूनिट को बंद रखने से विद्युत उत्पादन का नुकसान होता। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने खराब एलपी रोटर को इन-हाउस मरम्मत करने का साहसिक निर्णय लिया रोटर की मरम्मत करके यूनिट को पुनः विद्युत उत्पादन करने के लिए सक्षम बना दिया।

देश में पहली बार यथा स्थान पर सुधारा गया रोटर- यहां यह बताना ज़रूरी हो जाता है कि देश में पहली बार किसी एलपी टरबाइन रोटर की यथा स्थान पर इस तरह की मरम्मत की गई। इस जटिल व मुश्कलि मरम्मत का सफल होना और उसके पश्चात 100 दिनों से यूनिट का एक सा संचालन इस कामयाबी को खास और शानदार बनाता है। उल्लेखनीय है कि यूनिट ने इसके बाद लगभग 1592 मिलियन यूनिट (एमयू) विद्युत उत्पादन करते हुए लगभग 97.97 प्रतिशत प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ), 98 प्रतिशत प्लांट अवेलेबिलिटी फेक्टर (पीएएफ) और 5.48 प्रतिशत ऑक्जलरी खपत का मापदंड अर्जित किया।

### कृषि उपज मंडी के समीप मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**जबलपुर।** गोहलपुर थानांतर्गत मनमोहन नगर, कृषि उपज मंडी के पास बुधवार की सुबह एक लगभग 40 वर्षीय व्यक्ति का शव देख मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में पाया कि मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष है, हालांकि शरीर पर चोट के स्पष्ट निशान नहीं है लिहाजा मौत का तात्कालिक कारण अभी अज्ञात है। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

### शहर के सभी बारात घर, होटल, मैरिज लॉन, अस्पताल और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के संचालकों से अपील : सही ढंग से टैक्स गणना कराएं और निगम की अप्रिय कार्रवाई से बचें

# मां नर्मदा मैरिज गार्डन पर 38 लाख का नोटिस

**नगर निगम का सख्त कदम**



**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर संभागीय राजस्व टीम ने मां नर्मदा मैरिज गार्डन का औचक निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि संपत्ति का वास्तविक क्षेत्रफल 81,992 वर्गफीट है, जबकि दर्ज केवल 3,120 वर्गफीट क्षेत्र और 5,000 वर्गफीट भूमि था। इसके आधार पर संपत्ति धारक शिव कुमार रघुवंशी को 38,49,121 रुपये जमा करने का नोटिस जारी किया गया। निगमायुक्त ने शहर के सभी बारात घर, होटल, मैरिज लॉन, अस्पताल और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के संचालकों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानों की सही ढंग से टैक्स गणना कराएँ और निगम की अप्रिय कार्रवाई से बचें। कार्यवाही में अपर आयुक्त अरविंद शाह, संभागीय अधिकारी पवन श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक अमित दुबे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## अतिक्रमण हटाओ अभियानः शिवनगर में 40 अतिक्रमण हटाए

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में शिवनगर पानी टंकी के पास लगभग 40 अतिक्रमण हटाए गए, जिनमें पक्की दीवार, जाली और टीन शेड शामिल थे। कार्यवाही में अतिक्रमण दल के प्रभारी कुलदीप त्रिपाठी और उनकी टीम मौजूद रही।




**5 औद्योगिक इकाइयों को अंतिम नोटिस**

# अमूल के निर्माणाधीन भवन पर टैक्स न भरने पर रोक

**जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर संभागवार और वार्डवार बकाया कर वसूली की कार्रवाई तेज कर दी गई है। राजस्व विभाग की टीम ने अमूल के निर्माणाधीन भवन पर टैक्स न जमा होने पर तीन दिन का नोटिस जारी कर निर्माण कार्य रोक दिया। इसी क्रम में एम.पी. वेयर हाउस (10 लाख), विकास इलेक्ट्रिकल (2.27 लाख), विजय उद्योग (31.64 लाख), जनताउ पंचगव्य सेन्टर (6.62 लाख) और महाकाल इंडस्ट्री (72 हजार) को बकाया राशि जमा करने के लिए अंतिम नोटिस जारी किया गया है। तीन दिनों के भीतर राशि न जमा होने पर कुर्की, तालाबंदी और नल कनेक्शन काटने जैसी कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाही के दौरान संभागीय अधिकारी संतोष अग्रवाल, राजस्व निरीक्षक शिरीष उपाध्याय, सहायक राजस्व निरीक्षक राहुल श्रीवास्तव, नीरज जैन और फायर बिग्रेड की टीम मौजूद रही।

### भारत कृषक समाज ने नियामक आयोग में रखा किसानों का पक्ष

# सरप्लस बिजली है तो किसानों को निर्बाध आपूर्ति क्यों नहीं

**जबलपुर।** भारत कृषक समाज ने विद्युत नियामक आयोग द्वारा की गई ऑनलाईन जनसुनवाई के दौरान किसानों का पक्ष दमदारी के साथ रखा गया। भारत कृषक समाज के महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष केके अग्रवाल ने दो टूक कहा कि विद्युत सुविधाओं में शहरी एवं ग्रामीण जनों में भेदभाव विद्युत चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन हैं। किसानों ने इसे समाप्त किये जाने की भी मांग की। किसानों की समस्याओं के समाधान व उनकी आवश्यकता के अनुरूप गुणवत्ता की विद्युत प्रदाय सुनिश्चित किये बिना विद्युत कम्पनी द्वारा प्रस्तावित विद्युत दर बढ़ोतरी के प्रस्ताव को सिरे से खारिज किये जाने का आयोग से अनुरोध किया गया। किसानों की ओर से किसानों के गैर राजनीतिक, वर्ग विहीन, राष्ट्रीय संगठन भारत कृषक समाज महाकौशल म.प्र. के अध्यक्ष इंजी. केके अग्रवाल ने 11 बिंदुओं की आपत्ति पर विस्तार से किसानों का पक्ष रखते हुए आयोग से कहा की आज भी ग्रामीण क्षेत्र में सुचारु विद्युत प्रदाय व्यवस्था का अभाव हैं। मैदानी अधिकारियों की उदासीनता व लापरवाही के चलते ग्रामीण जन अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। ट्रांसफार्मर, खम्भे, लाइन की हालत बद से बदतर हैं, वोल्टेज, ट्रिपिंग की समस्या व समय पर सुधार कार्य न होने से किसान बिजली का समुचित उपयोग नही कर पा रहे हैं। कृषि पम्पों के लिए सरकार के 10 घंटे के वायदे के इतर उन्हें अभी भी 5-6 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। कृषि पम्पों के हार्स पावर बढ़ा कर विद्युत बिलों में अचानक अप्रत्याशित वृद्धि, चोरी के फर्जी प्रकरण बनाये जाने तथा उन्हें कई प्रकार से प्रताड़ित व धमकाये जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि विडंबना है की नियामक आयोग ने इन शिकायतों को कभी संज्ञान मे नहीं लिया, न ही कोई जाँच की और न हीं विद्युत कम्पनी पर कभी कोई कार्रवाई की, न ही कोई दिशा निर्देश जारी किये गए। नियामक आयोग अपने दायित्वों के निर्वहन मे पीछे क्यों रहा, यह समझ के परे है। ग्रामीण जन दोयम दर्जे का जीवन जीने मजबूर हैं। आयोग से आग्रह किया गया की वे मैदानी क्षेत्र मे विद्युत प्रदाय की स्थिति का आंकलन करने वरिष्ठ अधिकारियों को एक सप्ताह गांव मे रहने का आदेश जारी करें, जिससे दूध का दूध पानी का पानी स्पष्ट हो सके। ऐसे में विद्युत लॉस एवं कम्पनी द्वारा किये जा रहे अपव्यय के भार का ठीकरा उपभोक्ताओं पर थोपना कदापि न्यायोचित नहीं होगा। श्री अग्रवाल ने अन्य प्रांतों का हवाला देते हुए बताया की जब देश के कई प्रांतों में बिजली की दरें मध्यप्रदेश से कम हैं और वहां किसानों को दिन में उच्च गुणवत्ता की पर्याप्त बिजली दी जा सकती है, तो मध्यप्रदेश में क्यों नहीं। जबकी यहाँ सरप्लस में बिजली उपलब्ध हैं। आयोग के समक्ष किसानों की समस्याओं का प्रमाण सहित जोरदारी व विस्तार से प्रस्तुतीकरण कर आग्रह किया गया। कहा गया कि जब तक ग्रामीण क्षेत्र मे आवश्यकतानुसार, गुणवत्ता की बिजली प्रदाय तथा व्यवस्था मे सुधार व उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित नही किया जाता, तब तक विद्युत कम्पनी के दरों मे बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर विचार न किया जाए तथा इसे सिरे से ख़ारिज किया जाए। आयोग के समक्ष किसान सेवा संगठन की ओर से जितेंद्र देसी द्वारा भी किसानों का पक्ष रखते हुए कहा गया की ग्रामीण भारत को प्राथमिकता दिये बिना देश समृद्ध नही होगा, उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में मैदानी कर्मचारी व संसाधन बढ़ाने की मांग रखी।

**पश्चिम मध्य रेल के सिहोरा कटनी दमोह सागर में होगा ठहराव**

# जबलपुर–सोगरिया (कोटा) होली स्पेशल ट्रेन का संचालन

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर-सोगरिया (कोटा) के मध्य एक तरफ़ा 01 ट्रिप के लिए होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस गाड़ी का ठहराव सिहोरा रोड, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना मालखेड़ी जंक्शन, गुना एवं बारां स्टेशनों पर रहेगा। गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर से सोगरिया (कोटा) होली स्पेशल ट्रेन का संचालन रविवार 01 मार्च 2026 को एक रतफा जबलपुर स्टेशन से सुबह 09:05 बजे प्रस्थान कर सिहोरा रोड 09:35 बजे, कटनी मुड़वारा 10:45 बजे, दमोह दोपहर 12:30 बजे, सागर 14:00 बजे, बीना मालखेड़ी जंक्शन 15:00 बजे, गुना सायं 17:50 बजे, बारां 19:53 बजे पहुँचकर और रात 21:05 बजे सोगरिया पहुंचेगी। इस होली स्पेशल ट्रेन में 08 सामान्य श्रेणी, 04 शयनयान श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के कोच सहित कुल 19 कोचेस होंगे।

**सोगरिया-दानापुर होली स्पेशल ट्रेन-** इसी प्रकार पश्चिम मध्य रेल से गाड़ी संख्या 09803/09804 सोगरिया-दानापुर-सोगरिया के मध्य 01-01 ट्रिप के लिए होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस गाड़ी का ठहराव बारां, सालपुरा, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोक नगर, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रहेगा।गाड़ी संख्या 09803 सोगरिया से दानापुर होली स्पेशल ट्रेन का संचालन दिनांक 01.03.2026 को सोगरिया (कोटा) स्टेशन से रात्रि 23:10 बजे प्रस्थान कर बारां 23:53 बजे, पहुँचकर अगले दिन सालपुरा मध्यरात्रि 00:28 बजे, छबड़ा गुगोर 00:48 बजे, रुठियाई 01:50 बजे, गुना 02:20 बजे, अशोक नगर 03:05 बजे, सागर 05:35 बजे, दमोह 06:45 बजे, कटनी 08:00 बजे, मैहर 09:40 बजे, सतना 11:00 बजे पहुँचकर और रात्रि 23:45 बजे दानापुर पहुंचेगी।

## कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में पीएम श्री विद्यालयों की गतिविधियों का मूल्यांकन

# पीएम श्री विद्यालय योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल

## संयुक्त सचिव अमरप्रीत दुग्गल ने की पीएम श्री विद्यालयों का निरीक्षण और मार्गदर्शन

**जबलपुर। जिले के सभी पीएम श्री विद्यालयों में संचालित गतिविधियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत इस बैठक में भारत सरकार की संयुक्त सचिव अमरप्रीत सिंह दुग्गल विशेष रूप से उपस्थित थीं।**



बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में संचालित पीएम श्री विद्यालयों की प्रगति का ब्यौरा प्राप्त किया। बैठक में बताया गया कि जिले के कुल 27 विद्यालय पीएम श्री योजना में चयनित हैं। इनमें सात केंद्रीय विद्यालय, एक नवोदय विद्यालय तथा राज्य शासन के उन्नीस विद्यालय शामिल हैं।कलेक्टर ने योजना के प्रमुख घटकों जैसे "जादू नहीं विज्ञान", आकर्षक विद्यालय प्रवेश द्वार, बैगलेस डे, गणित एवं विज्ञान सर्किल, टीएलएम नवाचार, यूथ क्लब एवं इको क्लब आदि गतिविधियों पर चर्चा करते हुये इनके प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।बैठक को संबोधित करते हुए संयुक्त सचिव श्रीमती अमरप्रीत सिंह दुग्गल ने कहा कि पीएम श्री विद्यालय योजना केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी पहल है, जिसकी मॉनिटरिंग स्वयं प्रधानमंत्री द्वारा समय-समय पर की जाती है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाये तथा शौचालय, विशेषकर बालिका शौचालय, स्वच्छ एवं क्रियाशील अवस्था में रहें। इको क्लबों को मिशन लाइफ से जोड़ते हुए आवश्यक जानकारी निर्धारित प्रारूप में प्रदर्शित की जाये। केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा प्राप्त राशि का पारदर्शिता के साथ सदुपयोग सुनिश्चित किया जाये।श्रीमती दुग्गल ने कहा कि नर्सरी कक्षाओं हेतु "जादू नहीं पिटारा" किट एनसीईआरटी से प्राप्त कर उसका प्रभावी उपयोग किया जाये। इसके साथ ही विद्यालयों में मेंटल हेल्थ काउंसलर एवं करियर काउंसलर की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी उन्होंने जोर दिया।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गेहलोत, दिल्ली से शिक्षा विभाग की कंसल्टेंट रेनू रुहिल, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन दिगराज मीणा, डीपीसी योगेश शर्मा, नवोदय विद्यालय के प्राचार्य एस एन मिश्र, जिले के सभी पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्य एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

### दो विद्यालयों का किया निरीक्षण

बैठक के पूर्व संयुक्त सचिव श्रीमती अमरप्रीत सिंह दुग्गल ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बरगी नगर एवं पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाड़ा का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया तथा कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान राज्य शिक्षा केंद्र के अपर संचालक अरुण सिंह, दिल्ली से कंसल्टेंट रेनू रुहिल, तहसीलदार रविंद्र पटेल एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।




# समाज के लिए जरूरी है मानव संसाधन का ज्ञान अद्यतन : डॉ. सीमा जग्गी

## जनेकृविवि में राष्ट्रीय प्रशिक्षण का समापन

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायनशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित 21 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण का समापन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, दिल्ली की सहायक महानिदेशक, डॉ. सीमा जग्गी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस प्रशिक्षण का विषय थाः ₹सतत खेती में मिट्टी के स्वास्थ्य के प्रबंधन के लिए उभरती प्रौद्योगिकियां और नवाचार₹। मुख्य अतिथि डॉ. सीमा जग्गी ने कहा कि वैज्ञानिकों और मानव संसाधन के ज्ञान को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप अद्यतन करना आवश्यक है, ताकि वे समाज के लिए बेहतर कार्य कर सकें। उन्होंने किसान की आय वृद्धि के लिए मिट्टी के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि इस प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को किसानों तक पहुंचाने की आवश्यकता है, ताकि मिट्टी की गुणवत्ता और पानी की कमी जैसी समस्याओं का समाधान हो सके। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जयंत भट्ट, डायरेक्टर डॉ. बी.के. दीक्षित समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।कार्यक्रम का संचालन छात्रा कुमारी शिखा एवं आभार प्रदर्शन प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. बी.एस. द्विवेदी द्वारा किया गया।

### सिहोरा की यशिका को इतिहास में स्वर्ण पदक



**सिहोरा।** नगर प्रतिभाशाली छात्रा यशिका तिवारी ने मनकुंवर बाई महाविद्यालय जबलपुर में इतिहास विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर क्षेत्र एवं परिवार को गौरवान्वित किया है। यह स्वर्ण पदक उन्हें प्रदेश के कैबिनेट शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा अन्य गणमान्य अतिथियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। यशिका राम मोहन,मुक्ति तिवारी की सुपुत्री एवं अनूप त्रिवेदी की पत्नी तथा अनिरुद्ध,विजया त्रिवेदी की पुत्रवधू हैं । उनकी इस उपलब्धि परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### बलात्कार हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने सेन समाज ने सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** राजस्थान के रणजीतपुरा बज्जू बीकानेर की रहने वाली कक्षा 8 वीं की छात्रा वसुंधरा सेन के साथ बलात्कार के बाद हत्या करने की घटना से सेन समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। वारदात को अंजाम देने वाले गुनहगार को सजा देने की मांग को लेकर सेन समाज के अध्यक्ष सुग्रीव श्रीवास पप्पू के नेतृत्व में समाज ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर सेन समाज के उपाध्यक्ष भारत श्रीवास,कोषाध्यक्ष संतोष श्रीवास,सचिव रुपेश श्रीवास,महासचिव बिट्टू सेन,मीडिया प्रभारी आकाश सेन,जितेंद्र श्रीवास,दुर्गेश श्रीवास,विनय श्रीवास आदि उपस्थित थे।

### होली के पहले पेंशनर्स को 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देने की मांग

**सिहोरा।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन संघ तहसील शाखा सिहोरा के अध्यक्ष गंगाराम गुप्ता ने बताया कि समस्त पेंशनर्स के लिए केन्द्र के समान कुल 58 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिया जाये क्योंकि प्रदेश सरकार अभी 55 प्रतिशत मंहगाई भत्ता ही दे रही है जुलाई 2025 से आठ माह बीत जाने के बाद भी 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता के आदेश जारी नहीं किए गए हैं जिससे सभी पेंशनर्स में आक्रोश व्याप्त है। होली त्यौहार के पहले महंगाई भत्ता देने की मांग पेंशनर्स संघ के विनोद कुमार श्रीवास्तव, अश्वनी कुमार गर्ग,अनिल दाहिया, खुशीलाल लखेरा,दिनेश तिवारी,शिवकुमार तिवारी आदि ने की है।

# आचार्य श्री विद्यासागर कप जैन प्रीमियर लीग सीज़न–4 का ग्रैंड फाइनल संपन्न

**जबलपुर।** आचार्य श्री विद्यासागर कप जैन प्रीमियर लीग सीज़न–4 (15वें दिन) का ग्रैंड फाइनल उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत णमोकार मंत्र के उच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। फाइनल मुकाबले में जैन टाइटन और JNS शाहपुरा के बीच रोमांचक मैच खेला गया। JNS शाहपुरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 4 विकेट खोकर 83 रन बनाए। जवाब में जैन टाइटन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 9 ओवर में 1 विकेट खोकर 85 रन बनाते हुए 9 विकेट से जीत दर्ज कर सीज़न–4 का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक शरद जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू बिज, अपोलो हॉस्पिटल से अपोलो हॉस्पिटल के प्रतिनिधि सौरभ बड़ेरिया, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, समरसता संघ अध्यक्ष संदीप जैन, कांग्रेस जिला पूर्व अध्यक्ष डॉ. नीलेश जैन, एड. नरेंद्र जैन, नरेंद्र जैन शाहपुरा, सतीश जैन (चावल), युवा संघ अध्यक्ष मनोज जैन, दीपक चौधरी, विक्रम परवार, नीलेश रालवाल, अमित पड़रिया, रिंकू रेडीमेड से रिंकू जैन, एड. विवेक शर्मा, पूर्व महापौर प्रभात साहू, पंचायत सभा उपाध्यक्ष राकेश दाऊ, पंचायत सभा कोषाध्यक्ष सतीश वर्धमान, सतेंद्र जैन (जग्गू), राजूपत से राहुल जी, संदीप, डॉ. सुधांशु गुप्ता, तनिष्क सिंह, अर्पित दुबे, पंकज दुबे, राजेश जैन (लोर्डगंज जैन मंदिर), सचिन सहारा, विक्रांत पंचरतन, हारुन जावेद सौदागर, मोनीष जैन, विवेक जैन, सरल जैन, डॉ. रोमिल सिंघई एवं अंकित जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया एवं मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की। सभी खिलाड़ियों, आयोजकों एवं प्रायोजकों को शुभकामनाएँ देते हुए दोनों टीमों को फाइनल तक पहुंचने पर बधाई दी। दर्शकों ने पूरे उत्साह के साथ मैच का आनंद लिया। आयोजन समिति में गौरव जैन, अंकित गोलू, यशो, मयंक, प्रसन्ना बाबू, अमित जैन बासु एवं नितेश जैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।






# नवीन सराफ बने सराफा एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष

**जबलपुर।** सराफा एसोसिएशन जबलपुर के वर्तमान अध्यक्ष श्री अजय सराफ बख्तावर ने स्वास्थ्य कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। आज आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में उनका इस्तीफा सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। बैठक में उपाध्यक्ष नवीन सराफ (बंटी) को सर्वसम्मति से सराफा एसोसिएशन जबलपुर का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अब नवीन सराफ (बंटी) कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं देते हुए संगठन की जिम्मेदारियां संभालेंगे।

# 4 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ

**बरेला।** नगर परिषद बरेला अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के चतुर्थ चरण के तहत 13.96 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह सड़क मुन्ना वंशकार के मकान से राजकिरण वंशकार होते हुए राजेश वंशकार के मकान तक बनाई जाएगी। निर्माण कार्य का निरीक्षण नगर परिषद बरेला के अध्यक्ष प्रतीक दुबे द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व उपाध्यक्ष विजय सागर सोनकर, उपयंत्री संजय कैथवास तथा समय पाल सत्येंद्र बैरागी उपस्थित रहे। अध्यक्ष प्रतीक दुबे ने संबंधित ठेकेदार एवं उपयंत्री को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता एवं निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूर्ण किया जाए। मोहल्लेवासियों द्वारा इस सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी, जिसके प्रारंभ होने पर क्षेत्रवासियों ने संतोष व्यक्त किया है।



# निगमायुक्त ने किया रांझी के वार्डों का औचक निरीक्षण

**जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार बुधवार के तड़के ही रांझी संभाग के विभिन्न वार्डों में निरीक्षण किया। उन्होंने गोकुलपुर तालाब, साकेत नगर, शोभापुर और उदय नगर जैसे क्षेत्रों का सघन दौरा कर सफाई व्यवस्था और चल रहे विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान आयुक्तश्री अहिरवार ने सफाई मित्रों की उपस्थिति जांची और नालियों की सफाई व कचरा कलेक्शन के कार्य को बारीकी से देखा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थानों और रिहायशी इलाकों में गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोकुलपुर तालाब के आसपास की स्वच्छता को लेकर उन्होंने अधिकारियों को विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। सफाई के साथ-साथ आयुक्त ने क्षेत्र में हो रहे अधोसंरचना विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। दौरे के दौरान आयुक्त ने स्थानीय नागरिकों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। इस मौके पर अपर आयुक्त अरविंद शाह, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, पोला राव संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अनिल मिश्रा, अनिल विश्वकर्मा, सौरभ चौकसे, प्रियंका आदि उपस्थित रहे।



# लेफ्टिनेंट कर्नल गिरी ने किया एनसीसी यूनिट का निरीक्षण

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित एनसीसी यूनिट के निरीक्षण हेतु वन एमपी सिग्नल कंपनी जबलपुर से लेफ्टिनेंट कर्नल पंकज कुमार गिरी का महाविद्यालय आगमन हुआ। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीकृष्ण तिवारी की अध्यक्षता में एवं एसोसिएट एन सी सी आफिसर डॉ. अर्चना नामदेव के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पूर्ण निरीक्षण एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर,सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सी ओ का कैडेट्स के साथ संवाद, वार्षिक प्रतिवेदन वाचन आदि चरण थे। विद्यार्थियों से संवाद के दौरान कर्नल पंकज गिरी द्वारा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु जोशपूर्ण उद्बोधन दिया गया एवं विद्यार्थियों को ट्रेनिंग के दौरान विभिन्न प्रकार से सहयोग व उचित मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु आश्वासन दिया गया। प्रो तिवारी द्वारा शासन एवं अनुशासन में अंतर स्पष्ट करते हुए सर्वप्रथम अनुशासन को महत्व देने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में हवलदार पप्पू कुमार,आई क्यू ए सी समन्वयक डॉ सुनु आर के मैथ्यू,संतोष कुमार बढई,मीनू दुबे सीनियर अंडर ऑफिसर,प्रिंस टेकाम,कनिष्का काछी,रजनी कोरी,शालिनी कुम्हार,आस्था सेजल अंडर ऑफिसर,रंजीत गड़ारी सहित 110 कैडेट्स उपस्थित थे।





### सरपंच संघ बरेला ने तहसील कार्यालय को वॉटर कूलर किया भेंट

**बरेला।**नगर स्थित तहसील कार्यालय में बरेला परिक्षेत्र से दूर दराज से आने वाले आमजनों, किसान भाईयो का आना जाना लगा रहता है गर्मी के समय में ठंडा पानी पीने के लिए उपलब्ध नहीं रहता जिसे देखते हुए बरेला सरपंच संघ के सभी साथियों ने तहसीलदार शशांक दुबे के मार्गदर्शन में वाटर कूलर क्षेत्र की जनता को समर्पित किया गया जिससे क्षेत्र वासियों को गर्मी में ठंडा पानी पीने के लिए उपलब्ध होगा। वाटर कूलर सरपंच संगठन के अध्यक्ष आशीष शुक्ला, आलोक दुबे, सौरभ सैंकी राय, स्वेता भानु नवेरियां,मुकेश श्रीपाल, राकेश सोनी, कविता शिवम तिवारी, वर्षा नीलकमल झारिया, मोनी प्रशान्त सोनी, योगेश मेहरा, लक्ष्मी गंगा लोधी, पूजा शिवम तिवारी, ज्योति सत्येन्द्र पटेल, महेंद्र परस्ते, संतोष लोधी, मालती देवी विश्वकर्मा, पूजा सरमन पटेल, संतलाल श्रीपाल , चंद्रभान यादव, पंकज पटेल, बिमला ठाकुर, रामकेश यादव, महेन्द्र बैगा* सहित सरपंच गणों ने भेंट किया।




**श्रीमती आशा सिंह**- मदन महल राधास्वामी सत्संग भवन के पास निवासी श्रीमती आशा सिंह (92) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सियापति देवी**- बापू नगर मद्रास लाइन रांझी निवासी श्रीमती सियापति देवी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्मिला बाई**- राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री कामता प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला बाई (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती विमला बाई**- गौरीघाट कमल नगर निवासी श्री राजाराम की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई (71) का निधन हो गया अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोपाल कश्यप**-बेलबाग टोरिया निवासी श्री गोपाल कश्यप (63) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अरविंद घोष**- सत्यानंद विहार रामपुर निवासी श्री अरविंद घोष (71) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रभा कोष्टा**- कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री महेश कोष्टा की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा कोष्टा (44) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री गणेश प्रसाद**- रतन नगर इंदिरा बस्ती गौरव तालाब के पास निवासी श्री गणेश प्रसाद (60) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**डॉ. अश्विनी कुमार वर्मा**- होम साइंस कॉलेज रोड नेपियर टाउन निवासी श्री डॉ. अश्विनी कुमार वर्मा (82 ) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती विमला रानी भसीन**- अनमोल कॉम्प्लेक्स गोरखपुर निवासी श्री रोशन लाल भसीन की धर्मपत्नि श्रीमती विमला रानी भसीन (89) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**सुश्री कविता गोस्वामी**- गौरीघाट पुरानी बस्ती निवासी श्री छिद्धि गिरी गोस्वामी की पुत्री सुश्री कविता गोस्वामी (45) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 5x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 800/-
फिक्स साइज:- 5x4 से.मी. रंगीन 900/-
फिक्स साइज 8x4 से मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा

# आशुतोष ब्रह्मचारी ने बनाई वाट्सएप ग्रुप पर चैट, बच्चे उनके ही शागिर्द

एजेंसी ▸▸ वाराणसी

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और आशुतोष ब्रह्मचारी के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। एक तरफ जहां बुधवार को आशुतोष ब्रह्मचारी ने प्रेस कांफ्रेंस किया। वहीं दूसरी तरफ अविमुक्तेश्वरानंद ने भी प्रेस कांफ्रेंस कर आशुतोष ब्रह्मचारी पर गंभीर आरोप लगाए।

प्रेस वार्ता के दौरान अविमुक्तेश्वरानंद ने वॉट्सएप ग्रुप का स्क्रीनशॉट शेयर किया। उन्होंने दावा किया कि यह ग्रुप आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा बनाया गया है। इसके अलावा शंकराचार्य ने ग्रुप के चैट का भी खुलासा किया और सवाल उठाए।

- शंकराचार्य ने चैट पर उठाए सवाल
- शंकराचार्य और ब्रह्मचारी में तकरार बढ़ी
- शंकराचार्य का भी ब्रह्मचारी पर आरोप


स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

### ब्रह्मचारी के फेसबुक की तस्वीर भी दिखाई

शंकराचार्य द्वारा स्क्रीन शॉट्स में विवेचना टीम के साथ आशुतोष ब्रह्मचारी के शामिल होने की बात कही है। इसके अलावा आशुतोष ब्रह्मचारी के फेसबुक अकाउंट की भी तस्वीरें भी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने दिखाई। उन्होंने प्रेस वार्ता में प्रयागराज एसपी के साथ आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा केक काटने का फोटो दिखाया। शंकराचार्य ने दावा किया कि उन्होंने जो एसपी और आशुतोष ब्रह्मचारी की तस्वीर दिखाई है, वो एआई नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने जैसे ही फोटो जारी की, वह फोटो फेसबुक से डिलीट कर दी गई।

### आरोप लगाने वाले बच्चे आशुतोष के साथी

प्रेस कांफ्रेंस में शंकराचार्य ने दावा किया है कि जिन बच्चों के माध्यम से आरोप लगाए गए हैं, वो बच्चे आशुतोष ब्रह्मचारी के शागिर्द हैं। वह सभी बच्चे लंबे समय से ब्रह्मचारी के साथ रह रहे थे। स्वतंत्रता पूर्वक अलग अलग स्थान पर जा रहे हैं। क्युआर कोड जारी कर के दक्षिणा भी ले रहे हैं। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि न्यायालय में ये सारे सबूत रखे जाएंगे, जो लोग निष्ठा के साथ मठ की सेवा कर रहे हैं उनके वो भी हैं।

### हमने अतीक के पक्ष में नहीं बोला था, बस मैं...

अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि हमारे हर विद्यालय में उच्च कुल के छात्र आकर पढ़ाई कर रहे हैं। हम उनके आरोपों का खंडन करते हैं। अगर गुरु सही होगा तो शिष्य ग़लत नहीं हो सकता. हमारे मठ के ख़ुफ़िया स्थान नहीं है। हम अतीक के पक्ष में नहीं बोल रहे थे। हम अपने देश क्या न्यायालय के पक्ष में बोल रहे थे। हमने अफजाल अंसारी को कोई पत्र नहीं लिखे थे। योगी दो नंबर के हो गए, जो गेरुआ कपड़ा पहना है वो संत जैसा आचरण करे। जो नहीं करेगा शंकराचार्य सवाल उठाएगा। देश के साधु संत डरे हुए हैं।

आशुतोष ने लगाए गंभीर आरोप

### अविमुक्तेश्वरानंद के साथ कई वीआईपी भी थे

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के मामले में मुकदमे के वादी आशुतोष ब्रह्मचारी ने बुधवार को वार पर वार किए। मीडिया कर्मियों को बताया कि बटुकों से कुकर्म में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ कई वीआईपी लोग भी शामिल हैं, जो इसी तरह का शौक रखते हैं। इसमें उनके आश्रम का सीईओ प्रकाश उपाध्याय, बाल मुकुंदानंद, अविमुक्तेश्वरानंद का गुरुभाई अरविंद, कांग्रेस-समाजवादी पार्टी के नेता और अन्य वीआईपी शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन सभी के खिलाफ इतने सबूत हैं कि किसी का जेल जाने से बच पाना नामुमकिन है। आशुतोष ने अविमुक्तेश्वरानंद को पर्दे के पीछे से सहयोग करने में उप्र के एक उप मुख्यमंत्री का प्रेस कांफ्रेंस में खुलासा किया, हालांकि उनका नाम बताने से परहेज किया।



### गोंडा में स्वामी पर एफआईआर पर कांग्रेस का प्रदर्शन

गोंडा में बुधवार को करीब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने और दर्ज एफआईआर को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने इसे संत समाज की गरिमा से जुड़ा मामला बताते हुए सरकार से निष्पक्ष कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

## खबर संक्षेप

### गाजियाबाद के ग्रीन फील्ड स्कूल में घुसा तेंदुआ

**गाजियाबाद।** यूपी के गाजियाबाद के गोविंदपुरम के ग्रीन फील्ड स्कूल में तेंदुए की सूचना है। इसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। एहतियात के तौर पर बैरिकेडिंग करके सुरक्षा इंतजाम किए गए। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। पुलिस सुरक्षा के इंतजाम कर रही है। 7 घंटे बाद उसे बाहर निकालने की खबर है।



### पंजाब के निजी विवि का कुलपति बर्खास्त

**लुधियाना।** पंजाब के जगराओं स्थित सीटी विवि के कुलपति को रमजान में विशेष भोजन व्यवस्था की मांग करने वाले कश्मीरी मुस्लिम छात्रों के साथ दुर्व्यवहार, धमकी देने के आरोपों के बाद बर्खास्त कर दिया गया है।जिला प्रशासन ने पुलिस व सामुदायिक नेताओं के समन्वय से स्थिति को शांत करने के लिए हस्तक्षेप किया।



### झारखंड के पूर्व सीएम चंपई के पोते की मौत

**शिमला।** पर्यटन नगरी के एक होमस्टे में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के 22 वर्षीय पोते की मौत हो गई है। सोमवार दोपहर को वह बिस्तर से गिरा। जिसके बाद अस्पताल ले जाते वक्त मुंह से झाग निकली। अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।



### कर्नाटक सीएम पद पर गृहमंत्री ने भी ठोंका दावा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में सीएम पद को लेकर खींचतान खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। अभी सीएम सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच ही खींचतान थी, अब राज्य के गृह मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जी परमेश्वर भी सीएम पद की रेस में शामिल हो गए हैं। परमेश्वर ने कहा उनके समर्थक सीएम पद के लिए उनके नाम का प्रस्ताव दे रहे हैं।



सीजेआई ने अरमानों पर फेरा पानी, कहा- सर्टिफिकेट भी दिखाना होगा

# 10वीं के एडमिट कार्ड पर वोटर-आई डी स्वतंत्र पहचान पत्र नहीं, यह केवल सहायक दस्तावेज मान्य

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली कोलकाता

पश्चिम बंगाल में चल रही चुनाव आयोग के एसआईआर के बीच सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण कानूनी स्पष्टीकरण जारी किया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह साफ कर दिया है कि 10वी क्लास का एडमिट कार्ड अपने आप में एक स्वतंत्र पहचान पत्र नहीं होगा बल्कि इसे केवल एक सहायक दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

यह फैसला उन हजारों नागरिकों के लिए बड़ी राहत और स्पष्टता लेकर आया है जो अपनी पहचान साबित करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। अदालत ने स्पष्ट किया कि एडमिट कार्ड तभी वैध माना जाएगा जब उसके साथ संबंधित पास सर्टिफिकेट भी संलग्न हो। सीजेआई के नेतृत्व वाली बेंच ने यह आदेश वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस नायडू द्वारा उठाए गए संशय के बाद दिया। इस फैसले का सीधा असर बंगाल में चल रहे सत्यापन कार्य की पारदर्शिता और प्रमाणिकता पर पड़ेगा, जिससे दस्तावेजी धोखाधड़ी की गुंजाइश कम होगी।

*इससे दस्तावेजी धोखाधड़ी की गुंजाइश कम होगी*

बंगाल में एसआईआर के बीच सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला दिया


सुप्रीम कोर्ट

### अदालत किसी भी प्रकार की ढिलाई या अस्पष्टता के पक्ष में नहीं

सुप्रीम कोर्ट का यह स्पष्टीकरण प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने वाला है। सीजेआई के इस रुख से यह स्पष्ट है कि पहचान सत्यापन जैसे संवेदनशील मुद्दों पर अदालत किसी भी प्रकार की ढिलाई या अस्पष्टता के पक्ष में नहीं है। यह आदेश बंगाल के नागरिकों के लिए प्रक्रिया को और अधिक सटीक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सुनवाई के दौरान सीजेआई, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पांचोली की पीठ ने स्पष्टता पर जोर दिया। मामले का उल्लेख तब हुआ जब वकील ने यह चिंता जताई कि क्या 10वीं के एडमिट कार्ड को 'स्टैंडअलोन' (अकेला) पहचान पत्र माना जा सकता है।

### कोर्ट ने यह भी कहा

- सप्लीमेंट्री डॉक्यूमेंटः अदालत ने दोहराया कि एडमिट कार्ड को प्राथमिक पहचान पत्र नहीं माना जा सकता। यह केवल मुख्य दस्तावेजों की पुष्टि के लिए एक सहायक कागज होगा।
- सर्टिफिकेट अनिवार्यः पहचान सत्यापन के लिए एडमिट कार्ड के साथ कक्षा 10 का 'पास सर्टिफिकेट'होना अनिवार्य है। बिना सर्टिफिकेट के केवल एडमिट कार्ड पेश करना पर्याप्त नहीं होगा।
- एसआईआर में पारदर्शिताः इस आदेश का उद्देश्य पश्चिम बंगाल में चल रहे एसआईआर अभ्यास में किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति को रोकना है।

### बंगाल एसआईआर और पहचान का संकट

बंगाल में पहचान सत्यापन की प्रक्रिया लंबे समय से कानूनी और प्रशासनिक चर्चाओं में रही है। कई मामलों में पुराने एडमिट कार्ड्स को ही उम्र और पहचान का एकमात्र प्रमाण मान लिया जाता था। सीजेआई के इस आदेश ने अब उस लीगल लूपहोल को बंद कर दिया है। यह आदेश सुनिश्चित करता है कि केवल प्रमाणित शैक्षणिक रिकॉर्ड ही सरकारी डेटाबेस का हिस्सा बनें।

## बंगाल में एसआईआर पर अब भाजपा का सवाल

### पूर्व मुख्य सचिव की गिरफ्तारी की मांग उठाई

बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर जहां सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पहले से ही हंगामा कर रही है, वहीं अब इस विवाद में विपक्षी भाजपा भी कूद पड़ी है। भाजपा ने एसआईआर पर एक उच्चस्तरीय बैठक में पूर्व मुख्य सचिव मनोज पंत की मौजूदगी को लेकर सवाल खड़े किए हैं और इसे पूरी तरह अवैध करार देते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने उत्तर 24 परगना के बारासात में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य की टीएमसी पर न्यायपालिका को प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि बैठक केवल निर्धारित अधिकारियों के साथ होनी चाहिए, जिसमें राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक हों।



### ममता की मौजूदगी पर भी बवाल

यह पहली बार नहीं है जब मनोज पंत की मौजूदगी को लेकर विवाद हुआ हो। इससे पहले भी मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के दौरान उनकी मौजूदगी पर सवाल उठे थे। कोलकाता में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के बाहर मंगलवार को उस समय तनाव फैल गया जब नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी वहां पहुंचे। आरोप है कि कुछ टीएमसी समर्थक बूथ लेवल अधिकारियों ने गो बैक के नारे लगाए और कथित तौर पर जूता भी फेंका, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई।

### टीएमसी बोली- ऐसी घटनाओं का समर्थन नहीं करते



पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा और इस दौरान एक व्यक्ति के घायल होने की खबर है। वहीं, टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी इस तरह की घटनाओं का समर्थन नहीं करती, लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि सुवेंदु अधिकारी लगातार लोगों को उकसा रहे हैं, जिसके चलते ऐसी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने एसआईआस प्रक्रिया और प्रशासनिक निष्पक्षता को लेकर राज्य की राजनीति को और गर्मा दिया है। बंगाल के अधिकारियों ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है।

नबीन ने नेहरू पर लगाया बड़ा आरोप

## तिब्बत में भारत के हक चीन को सौंपे, केवल परिवारहित बढ़ाया


नितिन नबीन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने नेहरू-गांधी परिवार पर हमला बोला है। बुधवार को उन्होंने उन्होंने इसे 'समझौता मिशन' की राजनीति बताते हुए आरोप लगाया कि परिवार के हितों को देशहित से ऊपर रखा गया। नवीन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1954 में बिना किसी प्रतिफल के तिब्बत में भारत के अधिकार चीन को सौंप दिए।

उन्होंने कहा कि नेहरू के फैसलों ने राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाया। देश का युवा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहता है। यदि उसे गुमराह करने की कोशिश की जाती है तो यह समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जनता अब तथाकथित 'समझौता मिशन' को समझ चुकी है और भविष्य में वही नेतृत्व स्वीकार करेगी जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखे।

### राजीव ने रक्षा सौदों का उपयोग निजी हितों में किया

नबीन ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि उस समय रक्षा सौदों का इस्तेमाल निजी हितों के लिए किया गया। रक्षा सेवाओं के माध्यम से निजी बैंक खातों को भरने का काम हुआ। नवीन ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को 'विदेशी शक्तियों की कठपुतली' बताते हुए कहा कि कांग्रेस का चुनावी इतिहास यही है।

### भाटिया ने प्रियंका को 'फीमेल गजनी' कहा

गाजा को लेकर दिए गए बयान पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और भाजपा के बीच सियासी टकराव तेज हो गया है। प्रियंका गाजा में कथित नरसंहार का मुद्दा उठाने और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करने की बात कही थी। भाजपा ने प्रियंका पर चुनिंदा आक्रोश दिखाने का आरोप लगाया और उन्हें भारतीय राजनीति की फीमेल गजनी कहा। भाटिया ने 1,200 की हत्या और दुराचार पर प्रियंका चुप क्यों हैं?



राहुल ने मो. दीपक को बताया देशभक्त

## नफरत के खिलाफ खड़े होकर पेश की नई मिसाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड के कोटद्वार के जिम संचालक दीपक कुमार की सराहना करते हुए उन्हें सच्चा देशभक्त बताया है।



राहुल ने कहा कि दीपक ने नफरत के खिलाफ डटकर कमजोर की रक्षा की और इससे बड़ी देशभक्ति कोई नहीं हो सकती। दीपक उस समय चर्चा में आए जब उन्होंने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का विरोध किया, जो कथित तौर पर एक मुस्लिम दुकानदार को परेशान कर रहे थे। राहुल ने एक्स पर दीपक और उनके मित्र विजय रावत के साथ मुलाकात का वीडियो साझा किया। उन्होंने लिखा कि देश में करोड़ों लोगों के दिल में प्रेम और सौहार्द्र की भावना है, लेकिन मन में डर भी है। दीपक ने लोगों को रास्ता दिखाया है। जो समाज को डराते हैं, वे कायर हैं। उनसे डरने की जरूरत नहीं है। दीपक ने तिरंगे और संविधान की रक्षा की है।

कृषि मंत्री शिवराज की दो टूक

## किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि क्षेत्र में केंद्र सरकार की ओर से किए गए कार्यों की तारीफ की।



उन्होंने कहा कि आज की तारीख में कृषि क्षेत्र में हालात सुधरे हैं। वहीं शेष विसंगतियों को दूर करने की दिशा में काम किया जा रहा है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इस दिशा में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। उन्होंने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली का ही नतीजा है कि आज हम चावल के उत्पादन में शीर्ष स्थान पर आ चुके हैं। गेहूं के उत्पादन की मात्रा में भी इजाफा देखने को मिला है। खाद्यान्न का 33 फीसद हिस्सा बढ़ा है और हमें पूरा विश्वास है कि आगामी दिनों में हम इसी दिशा में काम करते रहेंगे। हमने इस संबंध में पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है। हम उसी के अनुरूप अभी काम कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया बोले- यह मामला चौंकाने वाला

## आईना-तौलिया के इंतजाम चाह रहे निदेशक पर होगी कार्रवाई, 7 दिन में जवाब पेश करें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बीएसएनएल के निदेशक विवेक बंजल के प्रस्तावित प्रयागराज दौरे वाला विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसे अनुचित और अस्वीकार्य बताया।

निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा चुका है। दरअसल दौरे की तैयारी में करीब 50 अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपे जाने के निर्देश थे। निजी उपयोग की वस्तुओं तक की व्यवस्था के लिखित निर्देश थे। इसके बाद से ही ये पत्र वायरल हो गया। सिंधिया ने साफ कहा कि स्थापित नियमों और प्रशासनिक परंपराओं का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निदेशक को 7 दिन में जवाब देने को कहा गया है। मंत्री ने कहा कि यह 21वीं सदी है और इस तरह का व्यवहार चौंकाने वाला है।



### *दौरे की तैयारी में क्या क्या लिखा गया था?*

*कार्यालय आदेश के अनुसार बंजल 25-26 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज आने वाले थे। 19 फरवरी को जारी प्रोटोकॉल नोटिस में लगभग 50 अधिकारियों और कर्मचारियों को अलग-अलग कार्य सौंपे गए। कार्यक्रम में स्वागत, संगम स्नान, नौका विहार और बड़े हनुमान मंदिर, अक्षयवट तथा पातालपुरी मंदिर के दर्शन शामिल थे। किस अधिकारी की क्या भूमिका होगी, यह लिखित में दर्ज था।*

एआई समिट में शामिल 3 प्रदर्शनकारियों को ले जा रहे थे

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले की पुलिस की कार्रवाई

## हिमाचल पुलिस ने दिल्ली पुलिस के 20 जवानों को हिरासत में लिया

एजेंसी ▸▸ शिमला

हिमाचल प्रदेश से बड़ी खबर है। दिल्ली पुलिस ने एआई समिट में प्रदर्शन करने वाले 3 युवा कांग्रेस वर्करों को शिमला जिले के रोहड़ू से हिरासत में लिया है।

अब सोलन पुलिस ने सभी को रोक लिया है। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले की पुलिस ने दिल्ली पुलिस के 20 जवानों को हिरासत में लिया है। इस मामले में अब हिमाचल और दिल्ली पुलिस आमने सामने हो गए है। यूथ कांग्रेस के तीनों कार्यकर्ताओं को शिमला में जिला अदालत में लाया गया और




एसीजेएम कोर्ट नंबर में 2 में पेश किया गया। इससे पहले, सोलन पुलिस ने धर्मपुर के पास सभी को रोक लिया था। एआई समिट में प्रदर्शन करने वालों में तीन यूथ कांग्रेस के वर्कर हिमाचल प्रदेश के रहने वाले नहीं है, लेकिन इन्होंने प्रदर्शन किया था और फिर शिमला के रोहड़ू में छिप गए थे।

### समिट में हंगामा करने वाला हंसते हुए कोर्ट में पहुंचा

एआई समिट में कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं ने टी-शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के खिलाफ था। लगभग तीन लाख लोग इस कार्यक्रम में मौजूद थे. पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। इस घटना से कई लोगों को दुख और चिंता हुई। बुधवार को आरोपियों की पेशी थी। इस दौरान यूथ कांग्रेस का एक गिरफ्तार आरोपी हंसते हुए नजर आया। उसने अपने अन्य साथियों को हाथ हिला कर हैलो भी किया।

नेशनल काउंसिल जेसीएम की ड्राफ्ट कमेटी की बैठक

## 54,000 न्यूनतम वेतन और पुरानी पेंशन बहाली पर हो रहा मंथन

*8वां वेतन आयोग की राह देख रहे एक करोड़ सरकारी कर्मचारी- पेंशन धारी*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के एक करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारियों और सेवानिवृत्त पेंशनधारियों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। लंबे समय से 8 वें वेतन आयोग की राह देख रहे कर्मचारियों की वेतन वृद्धि और अन्य मांगों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया अब तेज हो गई है।

नई दिल्ली में नेशनल काउंसिल जेसीएम की ड्राफ्ट कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक शुरू हो चुकी है, जिसका मुख्य उद्देश्य वेतन संरचना, भत्ते और पेंशन से जुड़े अहम मुद्दों पर एक साझा ज्ञापन तैयार करना है।




### कर्मचारी 3.25 फिटमेंट फैक्टर की मांग कर रहे

कर्मचारियों की बेसिक सैलरी तय करने में फिटमेंट फैक्टर की अहम भूमिका होती है। कर्मचारी लंबे समय से 3.25 फिटमेंट फैक्टर लागू करने की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही, वर्तमान आर्थिक स्थिति को देखते हुए न्यूनतम वेतन को बढ़ाकर 54,000 रुपए तय करने का भी प्रस्ताव है।

### तेज हुई वेतन आयोग की आधिकारिक कार्यवाही

नई दिल्ली के जनपथ स्थित चंद्रलोक बिल्डिंग में आयोग को हाल ही में कार्यालय उपलब्ध करा दिया गया है, जिसे आयोग की औपचारिक कार्यवाही को गति मिलने का एक स्पष्ट संकेत माना जा रहा है। इस वेतन आयोग की अध्यक्षता रंजना देसाई कर रही हैं। जेसीएम की ड्राफ्टिंग कमेटी करीब एक सप्ताह तक विभिन्न कर्मचारी संगठनों से सुझाव जुटाकर व्यापक विचार-विमर्श कर रही है। इसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी अहम मुद्दा छूट न जाए और करीब 1.2 करोड़ कर्मचारियों व पेंशनधारियों की ओर से आयोग के समक्ष एक मजबूत तथा संगठित प्रस्ताव रखा जा सके।

### ये रहीं अन्य मांगें

- सालाना इंक्रीमेंटः केंद्रीय कर्मचारी महासंघ का सुझाव है कि इसे बढ़ाकर 7 प्रतिशत किया जाए या फिर कर्मचारियों को साल में दो बार इंक्रीमेंट का वित्तीय लाभ दिया जाए।
- पुरानी पेंशन योजना की बहालीः पुरानी पेंशन योजना को वापस लागू करने की मांग इस ड्राफ्टिंग कमेटी की चर्चाओं का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है।
- -मेडिकल और लीव एन्कैशमेंट में भारी इजाफाः जिन क्षेत्रों में केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां फिक्स्ड मेडिकल अलाउंस को मौजूदा 1,000 से बढ़ाकर सीधे 20,000 रुपए प्रतिमाह करने का प्रस्ताव है।

श्री चैतन्य महाप्रभु जयंती महोत्सव में आनंद कॉलोनी, उखड़ी रोड, फूटाताल सराफा में निकली प्रभात फेरी हरिनाम संकीर्तन यात्रा

# हरि नाम संकीर्तन से वातावरण होता है भक्तिमय






**जबलपुर। नाम जप और भगवान नाम संकीर्तन से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सकारात्मक ऊर्जा जीवन में नूतन नये सृजन के कार्य करवाती हैं। नाम संकीर्तन करते हुए प्रभात फेरी से तन और मन दोनों स्वस्थ तो रहते ही हैं साथ ही आस-पास का वातावरण भक्तिमय हो जाता है।**

होली खेल रहे बांके बिहारी आज रंग बरस रहा, राम राम राम रामा जय सीतारामा ।राधे राधे गोविन्द गोविन्द राधे, आज ब्रज में होरी रे रसिया, होरी खेलन आयो नंदलाल राधा संग सखियों से, सीताराम सीताराम सीताराम कहिए, गोपाला गोपाला गोपाला मुरली मनोहर नंदलाला हरिनाम संकीर्तन करते रसिक भक्त वृंद, छतों अटारियों से पुष्प वर्षा करती महिलाएं, आरती उतार कर लड्डू गोपाल, श्री चैतन्य महाप्रभु की पूजा अर्चना करते हुए भक्तों ने आनंद कॉलोनी, मां नर्मदा होम्स,उखड़ी रोड, विवेक कला मंदिर, व्यौहार बाडा, फूटाताल मैदान, राम मंदिर खटीक मुहल्ला, नरघैया, कमानिया गेट, सराफा, दरहाई से वापस विवेक कला मंदिर सठिया कुआं में फूलों की होली के साथ श्री चैतन्य महाप्रभु जन्मोत्सव की गलियों में श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल मिलौनीगंज, श्रीराधा नाम एवं जाबालीपुरम संकीर्तन मंडल की संकीर्तन मंडलियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु ढोलक मंजीरे झांझ के साथ नाचते गाते हुए,हरिनाम जाप करते गली गली सनातन संस्कृति की अलख जगाते हुए सुबह सुबह 6 बजे से महेंद्र नामदेव आनंद कॉलोनी एवं सठिया कुआं फूटाताल में प्रभात फेरी निकली गई ।रथ पर सवार भगवान श्री लड्डू गोपाल विग्रह का जगह जगह पुष्प वर्षा, आरती,स्वागत कर प्रसाद वितरण किया। हरिनाम संकीर्तन यात्रा में देवेंद्र त्रिपाठी, सुरेन्द्र गिरी, सत्यप्रकाश नामदेव, सुरेन्द्र नामदेव, हेमराज, हेमवती नामदेव,असाटी जी , अजय मनीषा तिवारी ,राज प्रीति मिश्रा, सोनिका सिंह, नेहा जैन ,टीना साहू, सुभाष ताम्रकार, अंकित प्रीति परिहार, सुधीर प्रीति मिश्रा, अनुरोध मनीषा पटेरिया, के एल दीक्षित, अमित विश्नोई, जितेंद्र शर्मा, सुरेश विश्वकर्मा आशुतोष अग्रहरि, सत्य प्रकाश सराफ,डॉ सुधीर स्वामी, अरुण महाजन, रचित सोनी, बाबी, राकेश सोनी, राजू यादव,पवन साहू, श्याम गुप्ता, नवदीप पटवा, अमर सिंह ठाकुर, विध्येश भापकर सुधांशु परेता ,सुरेन्द्र पांडे ब्रजेश अग्रहरि, अनमोल यादव, रंजीत राय, अनिल आचार्य, अनिल रैकवार, मनोज सेन , सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त की उपस्थिति रही।

# निगम का दावाः 7 हजार आवारा श्वानों का बधियाकरण, टोल-फ्री नंबर जारी



**जबलपुर।** शहर में आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम ने व्यापक अभियान शुरू किया है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि निगम द्वारा नियुक्त एजेंसी ने पिछले एक वर्ष में 7,072 आवारा श्वानों का बधियाकरण किया है।आवारा श्वानों से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए नगर निगम ने टोल-फ्री नंबर 8982804546 जारी किया है। इस नंबर पर प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।निगमायुक्त ने डॉ. पी.जी. नाजपांडे एवं विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अभियान की समीक्षा की। बैठक में श्वान नियंत्रण के लिए समन्वित प्रयासों पर जोर दिया गया।डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने गढ़ा क्षेत्र को 'हॉट स्पॉट' के रूप में चिन्हित करते हुए वहां विशेष सघन अभियान चलाने का सुझाव दिया। निगमायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि आवारा श्वानों को केवल निर्धारित 'फीडिंग जोन' में ही भोजन कराया जाए, ताकि सार्वजनिक स्थानों पर असुरक्षा की स्थिति न बने।निगमायुक्त श्री अहिरवार ने डॉग प्रेमियों और आम नागरिकों से अभियान में सकारात्मक सहयोग की अपील की है, जिससे शहर में संतुलित और सुरक्षित वातावरण बनाए रखा जा सके।



## स्वच्छता अभियानः मॉं नर्मदा के घाटों एवं तालाबों के आस-पास किया श्रमदान

**जबलपुर।** नगर निगम के निर्देश पर शहर के प्रमुख जल स्रोतों तिलवारा घाट, संग्राम सागर, शाही तालाब, इमरती तालाब, हनुमानताल और गोकुलपुर तालाब पर विशेष स्वच्छता अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया। अभियान में नगर निगम की टीम और स्वयंसेवकों ने घाटों, सीढ़ियों और आसपास के क्षेत्रों से कचरा एकत्र कर विधिवत निस्तारित किया।साथ ही नागरिकों और श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर निगम ने सभी से अपील की कि गीला और सूखा कचरा अलग रखें, केवल डस्टबिन का उपयोग करें, 'सिंगल यूज़ प्लास्टिक' का उपयोग बंद करें और पूजन सामग्री केवल समर्पित 'अर्पण कलश' में डालें। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा, "स्वच्छ घाट और पवित्र नर्मदा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। आइए, हम सब मिलकर जबलपुर को स्वच्छ बनाएं।"

# 2025 में आयोजित CS परीक्षाओं का परिणाम घोषित

## जबलपुर के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**जबलपुर।**

इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया द्वारा दिसंबर 2025 में आयोजित CS परीक्षाओं का परिणाम आज घोषित किया गया। घोषित परिणामों में इस वर्ष भी जबलपुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर का गौरव बढ़ाया। CS Professional परीक्षा में शहर के अनेक विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर कंपनी सेक्रेटरी बनने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, विशेष रूप से आस्था पटेल ने अखिल भारतीय स्तर पर AIR-7 प्राप्त कर जबलपुर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया, जो पूरे शहर के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद तथा अपने गुरु राकेश यादव, पिंकी यादव, अभिषेक रंगवानी, साक्षी असवानी एवं संस्था सीए सीएस दुनिया यादव कॉलोनी लेबर चौक, जबलपुर के मार्गदर्शन को दिया। इसी क्रम में अन्य विद्यार्थी जिनमें भाविका जैसिंघानी, अनुकृति सिंह, अनुष्का जैन, दिशा गोस्वामी, सरलीन कैथ, विधि यादव, यशवर्धन सोनी, सुरभि अग्रवाल ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की, जो उनकी मेहनत, समर्पण एवं उत्कृष्ट तैयारी का परिणाम है। अन्य सफल अभ्यर्थियों में आस्था पटेल, मनुश्री तिवारी, पलक राय, नंदिनी जैन, मुस्कान कनोजिया, काजल रजक शामिल हैं, जिन्होंने CS प्रोफेशनल परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर अपने परिश्रम का उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी संपूर्ण तैयारी संस्था सीए सीएस दुनिया यादव कॉलोनी लेबर चौक, जबलपुर में टीचर्स राकेश यादव, पिंकी यादव, अभिषेक रंगवानी, साक्षी असवानी के मार्गदर्शन में सफलता प्राप्त की।

## जय महाकाल संघ JMS में नियुक्तियां जारी



**जबलपुर।** जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी द्वारा संगठन कार्य विस्तार की दृष्टि से समाज में सेवानिवृत्त हो चुके बंधुओं को हिन्दू समाज के कार्य करने प्रेरित कर संगठन विचार से जोड़ने राजेन्द्र साहू को अध्यक्ष, पश्चिम विधानसभा अध्यक्ष सेवानिवृत्त महासंघ एवं आशीष शुक्ला को अध्यक्ष बरगी विधानसभा नियुक्त होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, आशीष विश्वकर्मा, सुमित यादव, सुजीत सिंह ठाकुर, विपिन तंतुवाय ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।



## पमरे जीएम ने किया 'संरक्षा' ऐप का वर्चुअल उद्घाटन

**जबलपुर,।** पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय द्वारा जबलपुर मंडल के नव-विकसित 'संरक्षा' मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल का वर्चुअल माध्यम से भव्य उद्घाटन किया गया। यह ऐप भारतीय रेल की सुरक्षा और कार्यक्षमता को डिजिटल रूप देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। निरीक्षणों की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए इसमें जीपीएस ट्रैकिंग की सुविधा दी गई है। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को फोटो के साथ रियल-टाइम में अपलोड किया जा सकता है। एसएमएस के माध्यम से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को तुरंत अलर्ट और अनुपालन के निर्देश प्राप्त होंगे। इस वर्चुअल कार्यक्रम में प्रवीण खोराना, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी अमित कुमार साहनी वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी जबलपुर मंडल सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## मानव सेवा का संकल्प एवं स्वास्थ्य शिविर के तीसरे दिन 2515 हितग्राहियों ने परीक्षण



**जबलपुर।** पूर्व विधानसभा क्षेत्र में जनकल्याण की भावना से प्रेरित कांग्रेस मानव सेवा का संकल्प एवं स्वास्थ्य शिविर के तीसरे दिन मंगलवार को शुब्बाशाह मैदान में प्रातः 10:00 बजे से शिविर प्रारंभ हुआ जो शाम 5:00 बजे तक जारी रहा, जिसमें जन समूह का तांता लगा रहा। तीसरे दिन लगभग 2515 हितग्राहियों ने अपना परीक्षण कराया जिसमें 1100 हितग्राहियों का चश्मे के लिए पंजीयन किया गया। 124 हितग्राहियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए पंजीयन किये गये। लगभग 1291 हितग्राहियों को दवाईयों का वितरण किया गया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक लखन घनघोरिया के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिविर में चिहिन्त हितग्राहियों के निःशुल्क ऑपरेशन के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान की जायेंगी। जिन मरीजों कों आँखों के ऑपरेशन की आवश्यकता है, उनके लिये भी निःशुल्क ऑपरेशन डॉक्टरों द्वारा कराया जायेगा, स्वास्थ्य शिविर में ब्लाक अध्यक्ष आजम खान, पार्षद कलीम खान, मतीन अंसारी, राजू लईक, पार्षद गुलाम हुसैन, ताहिर अली, आरिफ हसन सिद्धीकी, शहबाज मंसूरी, आबिद मंसूरी, आसिफ इकबाल, तौफिक खान चंकी, काजी जियाउद्दीन, सरफराज आसिफ कुरैशी, शाहिद गुलशेर, शेरा, तौफीक मंसूरी, शफीक अंसारी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कंस वध, गोपी-उद्धव संवाद, श्री रुक्मणि-कृष्ण विवाह से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता



**जबलपुर।** जबलपुर के न्यू नर्मदा नगर में आज से एक विशेष धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत हुई है। नगर के निवासी लवकुश तिवारी ने जानकारी दी कि उनके माता-पिता रविंद्र-कुसुम तिवारी के सानिध्य में 'संगीतमय सप्ताह ज्ञान यज्ञ' का आयोजन किया जा रहा है। यह ज्ञान यज्ञ 20 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक चलेगा जिसमें चित्रकूट से पधारे कथा व्यास गोकरण शास्त्री अपने मुखारबिंद से भक्तजनों को भागवत कथा के माध्यम से रसपान करवाएंगे, यह आयोजन लवकुश तिवारी के निजी निवास, न्यू नर्मदा नगर, जबलपुर में हो रहा है। 25 फरवरी को महारास की कथा, कंस वध, गोपी-उद्धव संवाद, श्री रुक्मणि-कृष्ण विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में राघवेंद्र तिवारी, कुसुम तिवारी और प्रीति तिवारी सहित पूरा परिवार बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने और आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की है। इस आयोजन से क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है।



## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, जबलपुर में वार्षिक स्नेह सम्मेलन और पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय में "वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कन्हैया लाल रवानी, समाजसेवी ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। विशिष्ट अतिथि आशीष राव, अध्यक्ष महाविद्यालय जनभागीदारी समिति, डॉ. स्मृति शुक्ला, प्राचार्य, शा. मानकुंवर बाई महाविद्यालय, डॉ. शिखा सक्सेना, प्राचार्य, शा. विज्ञान महाविद्यालय और कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि वार्षिक उत्सव केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि वर्षभर की मेहनत और उपलब्धियों का उत्सव है। विशिष्ट अतिथियों ने भी शिक्षा के महत्व और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ छात्रों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ति उकास ने किया और आभार प्रदर्शन डॉ. रविश तमन्ना ताजिर ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. ए.सी. तिवारी, डॉ. शुभांगी धगट, डॉ. मलय वर्मा और अन्य सभी कर्मचारियों ने सहयोग दिया।

# आधुनिक पशु चिकित्सा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

## वीयू में देश भर के विशेषज्ञ करेंगे मंथन




**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (वीयू), जबलपुर और इंडियन सोसाइटी फॉर वेटरनरी सर्जरी के संयुक्त तत्वावधान में 48वें वार्षिक अधिवेशन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आज गुरुवार 26 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस महाकुंभ में आधुनिक पशु चिकित्सा और उन्नत इमेजिंग तकनीकों पर देश भर के विशेषज्ञ मंथन करेंगे। उक्त जानकारी बुधवार को वेटरनरी कॉलेज के समागम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं आयोजन अध्यक्ष प्रो. मनदीप शर्मा , अधिष्ठाता, आयोजक व कॉन्फ्रेंस की आयोजन सचिव डॉक्टर अपरा शाही ने दी। पत्रकारों से चर्चा में कुलपति प्रो मनदीप शर्मा ने बताया कि यह कॉन्फ्रेंस 26 से 28 फरवरी, 2026 के बीच पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में आयोजित की जा रही है। कॉन्फ्रेंस में ₹पशु शल्य चिकित्सा एवं इमेजिंग में एकीकृत क्षितिजः स्कैल्पेल से स्क्रीन तक₹ विषय पर चर्चा होगी।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल, विशिष्ट अतिथिः डॉ. उमेश चंद्र शर्मा, प्रेसिडेंट, वेटरनरी काउंसिल ऑफ इंडिया, हैं। सम्मेलन में पशु चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे तकनीकी बदलावों पर चर्चा होगी। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 500 वैज्ञानिक, शिक्षाविद और शोधार्थी शामिल हो रहे हैं। कॉन्फ्रेंस के दौरान कुल 449 शोध सारांश और 8 मुख्य शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। तकनीकी सत्रः कुल 11 सत्र आयोजित होंगे, जिनमें एनेस्थीसिया, एवियन सर्जरी, ऑर्थोपेडिक, रेडियोलॉजी, वन्यजीव और लघु पशु शल्य चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पशु चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशेषज्ञों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। डॉ. जे. एम. निगम को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन रूमिनेंट सर्जरी' से नवाजा जाएगा। सोसाइटी के वरिष्ठ संस्थापक सदस्य डॉ. एम. आर. पटेल (99 वर्ष) एवं डॉ. पी. ई. कुलकर्णी (95 वर्ष) को उनके विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, डॉ. विजय परिहार को 'ओ. रामकृष्ण ओरेशन पुरस्कार' तथा अन्य मेधावियों को 'यंग साइंटिस्ट' और 'सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक' पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस मेंडीन डॉक्टर आरके शर्मा, स्कूल ऑफ वाइल्ड फोरेंसिक हेल्थ की निदेशक डॉक्टर शोभा जावरे, एआर डॉक्टर रामकिंकर मिश्रा, मीडिया अधिकारी डॉक्टर सोना दुबे, सर्जरी विभाग से डॉक्टर रणधीर सिंह, डॉक्टर बबिता दास आदि उपस्थित थे।